

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

ग्वालियर वर्षः 02 अंकः 350

ग्वालियर, मंगलवार, 24 दिसम्बर 2019

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## न्यूज ट्रैक

### झारखंड रिजल्ट 2019: आजसू का साथ होता तो झारखंड में फिर होती बीजेपी की सरकार!

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों के रुझानों से साफ है कि बीजेपी की कुर्सी यहां से खिसकने जा रही है। मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में अब तक तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए हैं और अगर झारखंड की सत्ता जाती है तो यह महाराष्ट्र के बाद यह दूसरा राज्य होगा, जहां उसकी सरकार की विदाई होगी। इन दोनों ही राज्यों में सहयोगी पार्टी के पाले से खिसकने की वजह से बीजेपी सरकार खोती नजर आ रही है।महाराष्ट्र में बीजेपी साथ चुनाव लड़ने के बाद शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद को लेकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया और कांग्रेस व एनसीपी के पाले में चली गई, वहीं झारखंड में आजसू के साथ सीटों के लेकर तालमेल नहीं हो पाने की वजह से दोनों पार्टियों ने अलग-अलग लड़ने का फैसला किया। हालांकि, बीजेपी ने आजसू के नेता सुदेश महतो के खिलाफ सिल्ली से उम्मीदवार नहीं दिया था तो आजसू ने मुख्यमंत्री रघुवर दास के खिलाफ जमशेदपुर पूर्व से अपना प्रत्याशी नहीं उतारा। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या बीजेपी अपने पुराने सहयोगी आजसू को साथ रखने में कामयाब हो जाती तो झारखंड में उसकी सरकार वापसी कर लेती। अब तक की मतगणना में सभी पार्टियों को मिले वोटों के आंकड़े तो कम-से-कम इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि आजसू को साथ न रख पाने की वजह से बीजेपी की यहां से विदाई हुई है। दोपहर दो बजे तक के रुझानें में बीजेपी 31 सीटों पर आगे चल रही है और आजसू 3 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। महागठबंधन के घटक दलों में झारखंड मुक्ति मोर्चा यानी जेएमएम 23, कांग्रेस 13 और आरजेडी 4 सीटों पर आगे है। इस तरह 81 सीटों वाली विधानसभा में किसी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन के पास फिलहाल पूर्ण बहुमत नहीं है। सिर्फ सीटों की बात करके झारखंड विधानसभा चुनाव नतीजों की असली तस्वीर समझ में नहीं आएगी। इसके लिए पार्टियों को मिले वोट प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करना होगा। 81 में से 79 सीटों पर लड़ने वाली बीजेपी को करीब 34 प्रतिशत वोट मिले हैं, जबकि 58 सीटों पर लड़ने वाली आजसू पार्टी को 8.43प्रतिशत वोट पा रही है। दोनों पार्टियों का साझा वोट प्रतिशत 42 से अधिक है। दूसरी तरफ, महागठबंधन के घटक दलों में सबसे बड़ी पार्टी जेएमएम को 18.57प्रतिशत, आरजेडी को 2.93प्रतिशत और कांग्रेस को 13.81प्रतिशतवोट मिलते देख रहे हैं। इस तरह महागठबंधन को सम्मलित रूप से 35प्रतिशत वोट मिले हैं। ऐसी स्थिति में बीजेपी और आजसू का सम्मलित वोट महागठबंधन के मुकाबले करीब 7 प्रतिशत ज्यादा है। जाहिर है इन दोनों पार्टियों ने गठबंधन कर लिया होता तो 7प्रतिशत अधिक वोट शेयर का असर सीटों पर भी दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या बीजेपी को आजसू के साथ न होने पर इतने बड़े नुकसान का भान नहीं था। शायद रहा भी होगा लेकिन गठबंधन के लिए आजसू की ओर 18 सीटों की मांग ने दोनों पार्टियों की राहें जुदा कर दीं। 2014 के विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियों का गठबंधन था और आजसू 8 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें से 5 पर उसे जीत मिली थी।

### दिल्ली के सबसे बुजुर्ग मतदाता बचन सिंह का 111 की उम्र में निधन, पाक से जुड़ी थीं बचपन की यादें

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सबसे बुजुर्ग मतदाता बचन सिंह का सोमवार को 111 वर्ष की उम्र में निधन हो गया उन्होंने इस साल के आम चुनाव में भाग लेते हुए संत गढ़ में एक मतदान केंद्र पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। बचन सिंह को इस वर्ष मई में हुए आम चुनाव के दौरान दिल्ली में मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सबसे पुराने मतदाता के रूप में सम्मानित किया गया था। इस संबंध में चुनाव आयोग द्वारा उन्हें अपने माताधिकार का प्रयोग करने के लिए निमंत्रण और प्रमाणपत्र दिया गया था। मीडिया ने चुनावों के दौरान उन्हें खूब कवर किया था। बचन सिंह ने युवाओं को लिए एक उदहारण पेश किया था कि वह बाहर आएं और मतदान करें। इस साल की शुरुआत में मतदान करने आए सिंह ने कहा था, जब मैं 111 साल का होकर उम्र के इस पड़ाव में आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता हूं, तो युवा ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं। उनके परिजनों के अनुसार, वह हमेशा इस बात का ध्यान रखते थे कि कोई अपने मताधिकार का प्रयोग करने से चूके नहीं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, पंजाब के गुरदासपुर स्थित पिंड-अलावलपुर में भारत के स्वतंत्र होने से पहले सिंह का जन्म वर्ष 1907 में हुआ था। वह एक बढ़ई का कार्य किया करते थे और काम के लिए पाकिस्तान के बनने से पहले वहां चलकर जाया करते थे, जो उनके घर से केवल एक किलोमीटर दूर है। भारत के स्वतंत्र होने से पहले और स्वतंत्र होने के बाद की उनकी बहुत सी यादें हैं। उनके परिजनों ने ऐसी एक याद को साझा किया। उनके बड़े बेटे ने कहा कि जब देश का विभाजन हुआ, तब वह अपनी दुकान पर थे और उन्हें इसका ज्ञान नहीं था। घर आने के लिए वह जब निकले तो उस वक्त हुई हिंसा के बीच किसी तरह से जान बचाकर वह वापस आ पाए थे।

झारखंड में बीजेपी की हार पर

# राहुल गांधी का पीएम मोदी पर कटाक्ष

नई दिल्ली। झारखंड में बीजेपी की हार के बाद विपक्ष ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधे हमला किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश को बताना चाहिए कि वह छात्रों की आवाज क्यों दबा रहे है और उन्हें नौकरी क्यों नहीं मिल रही है। हमारे दुश्मन जो नहीं कर सके, वह अब नरेन्द्र मोदी हमारी तरक्की रोकने के लिए कर रहे हैं। राजघाट पर राहुल गांधी ने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा- आप रोजगार दे नही सके और अर्थव्यवस्था को नष्ट कर दिया, यही कारण है कि आप नफरत के पीछे छिप रहे हैं। देश आपको संविधान पर हमला नहीं करने देगा, भारत माता की आवाज नहीं दबाने देगा।

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी अगर आप छात्रों को, प्रेस वालों और ज्यूडिशरी पर दवाब डालने की कोशिश करोगे तो भारत माता आपको जवाब देंगी। सभी समझ रहे हैं मोदी जी को सिर्फ नफरत फैलाने आती है। इस देश की जनता भारत मां की आवाज इस देश पर आक्रमण करने नहीं देगी। आपको इस देश को बांटने नहीं देगी। यह संविधान सभी धर्म के लोगों ने मिलकर बनाया था. सभी धर्मों के लोगों की आवाज इस संविधान में है. आप इस संविधान पर हमला नहीं कर सकते हैं। देश की अर्थव्यवस्था को लेकर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि आप देश को बताइये की हमारी ग्रोथ रेट 9 से 4 परसेंट पर कैसे आई गई? उन्होंने कहा कि युवाओं को बताइये कि उन्हें रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हो आप?



**अरविंद केजरीवाल ने भी दिखाए तेवर**–वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम एनआरसी और सीएए के खिलाफ एक फैसले के रूप में दिखाई देते है। तो वहीं पूर्व गृहमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा कि भाजपा अजेय नहीं, विपक्षी दल साथ आएं।

**झारखंड नतीजे पर आया पीएम नरेंद्र मोदी का ट्वीट**–झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की जीत के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने रविवार को कहा कि भाजपा अजेय नहीं है और सभी राजनीतिक दलों को उसके खिलाफ एकजुट हो जाना चाहिए। उन्होंने ट्वीट कर कहा, महाराष्ट्र में झटका लगा, हरियाणा में झटका लगा और झारखंड में पराजय मिली। 2019 में यह भाजपा की कहानी है।

उधर, चेन्नई में उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ द्रमुक के विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, हम झारखंड की जनता का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने इतना बड़ा बहुमत दिया है।

आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख ने कहा कि भाजपा के नेताओं ने झारखंड विधानसभा चुनाव के अंतिम दो चरणों में जोरदार ढंग से प्रचार किया था और संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के मुद्दे उठाये थे।

**झारखंड हारी भाजपा, सिर्फ दो सालों में आधा हो गया बीजेपी का साम्राज्य**–उन्होंने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि कम से कम एक राज्य के लोगों ने निर्णायक रूप से अपना फैसला सुना दिया है कि वे (सीएए और एनआरसी) नहीं चाहते हैं। केजरीवाल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के हेमंत सोरेन को चुनाव में जीत के लिए बधाई दी और कहा कि भाजपा की चुनाव में हार का मतलब यह है कि उनकी सरकार ने झारखंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

**भाजपा को झारखंड का झटका, दिल्ली और बिहार चुनाव पर भी पड़ सकता है असर**–बता दें ऐन चुनावों के बीच नागरिकता संशोधन कानून को लेकर पूरे देश में हिंसक विरोध हो रहे थे। इसको लेकर विपक्ष लगातार केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। जहां तक झारखंड की हार का सवाल है तो भाजपा के हाथ से निकलते राज्यों में भी शामिल होने के बाद केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी की हिस्सेदारी अब देश के मात्र 35 प्रतिशत हिस्से पर रह गयी है जबकि 2017 में पूरी हिंदी भाषी पट्टी पर शासन के साथ 71 प्रतिशत हिस्से पर उसका नियंत्रण था।

वहीं प्रशांत भूषण ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुएक ट्वीट किया कि मोदी ने ह्यूस्टन में एनआरआई के वोट से तो जीत हासिल कर ली पर झारखंड ने बीजेपी को सत्ता से बेदखल कर दिया।

## साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर का वीडियो वायरल, निशाने पर आए मोदी



**नई दिल्ली।** भोपाल से सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर अक्सर विवादित बयानों की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। नाथूराम गोडसे को देशभक्त बताने वाले उनके बयान पर काफी बवाल हुआ था। इस बार साध्वी प्रज्ञा का विमान में क्रू मेंबर्स और यात्रियों के साथ बहस करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने इस वीडियो को अपने ट्विटर हैंडल शेयर करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। इस बार स्पाइस जेट की फ्लाइट में यात्रियों और क्रू मेंबर्स के साथ सीट के लिए तीखी बहस करते हुए प्रज्ञा ठाकुर और उनके साथियों का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में एक यात्री साध्वी प्रज्ञा से कहता हुआ दिखाई दे रहा है कि आपको शर्म नहीं है कि आप इस तरह का बर्ताव कर रही हैं।

### क्या था मामला

शनिवार को स्पाइस जेट की दिल्ली से भोपाल आते समय भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर को पंसद की सीट नहीं मिली तो वे विमान के अंदर ही धरने पर बैठ गईं। हालांकि पत्रकारों के सामने साध्वी प्रज्ञा ने धरने पर बैठने की बात से इंकार किया था। प्रज्ञा ने स्पाइस जेट के विमान से दिल्ली से भोपाल आने के बाद शनिवार शाम को विमानतल निदेशक को अपनी शिकायत की थी।

## भारत के वो राज्य जहां पिता-पुत्र रहे सीएमन

पिता शिबू सोरेन के बाद बेटे हेमंत सोरेन दूसरी बार संभालेंगे झारखंड की सत्ता

**नई दिल्ली।** झारखंड में अबकी बार सोरेन सरकार। झारखंड के 3 बार के मुख्यमंत्री रह चुके झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के बेटे हेमंत सोरेन का दूसरी बार सीएम बनना तय है। झारखंड विधान सभा चुनाव 2019 में कांग्रेस-जेएमएम-राजद गठबंधन के वो मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार थे और गठबंधन हेमंत सोरेन के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था। अब झारखंड के अब तक के आए नतीजे और रुझान से यह साफ हो गया है कि एक बार फिर झारखंड इतिहास दुहराएगा। वह इतिहास है एक ऐसे राज्या का जहां पिता-पुत्र सीएम रह चुके हैं। आइए जानें और कौन-कौन से राज्य है जहां विरासत की सियासत के तहत राज्य की सत्ता पहले पिता बाद में उनके बेटों के पास रही...

### जम्मू-कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार

विरासत सियासत की बात करें तो जम्मू-कश्मीर का नाम सबसे पहले आता है। यह राज्य पिता के बाद उनके बच्चों के मुख्यमंत्री बनने के मामले में सबसे आगे हैं। यहां पर 3 बार ऐसा कारनामा हो चुका है। यहां पर एक परिवार में पिता-पुत्र की तीन पीढ़ियों ने मुख्यमंत्री पद संभाला। अब्दुल्ला परिवार की तीन पीढ़ियों ने मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य हासिल किया। शेख अब्दुल्ला 2 बार मुख्यमंत्री रहे और 1982 में उनके हटने के तुरंत बाद उनके बेटे फारुख अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बन गए।

### मुफ्ती मुहम्मद सईद- बेटी महबूबा मुफ्ती

वहीं यहां मुफ्ती परिवार की दो पीढ़ियां भी मुख्यमंत्री रही हैं। मुफ्ती मुहम्मद सईद के बाद अब उनकी बेटी महबूबा मुफ्ती राज्य की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। 2016 में महबूबा ने भी पिता के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पद संभाला। आखिरी बार वही मुख्यमंत्री थीं। अब जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2019 दिल्ली कैबिनेट से मंजूर, सब्सिडी भी देगी सरकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की कैबिनेट ने वायु प्रदूषण से निपटने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2019 को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को घोषणा की कि वायु प्रदूषण से निपटने के लिए दिल्ली कैबिनेट ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति 2019 को मंजूरी दे दी है। इस नीति का उद्देश्य दिल्ली को भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की राजधानी बनाना है। केजरीवाल ने कहा कि सरकार ई-वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देगी। उन्होंने कहा कि इस नीति को लागू करने के लिए एक इलेक्टिक वाहन बोर्ड का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि 2024 तक पंजीकृत होने वाले 25त्न नए वाहन इलेक्ट्रिक वाहन हों। ई-वाहन नीति का पहला मसौदा नवंबर 2018 में सार्वजनिक किया गया था। यह नीति संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय परिवहन परिषद, स्वच्छ परिवहन, निकाय जैसे - जैसे कई विशेषज्ञ निकायों से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के बाद बनाई गई है।

### दरियागंज हिंसा : कोर्ट ने 15 लोगों की जमानत अर्जी खारिज की
## 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में राजधानी दिल्ली के दरियागंज में हुई हिंसा के मामले में गिरफ्तार किए गए 15 लोगों की जमानत याचिका कोर्ट ने सोमवार को खारिज करते हुए उनकी न्यायिक हिरासत दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी।

मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कपिल कुमार ने अर्जियों को खारिज करते हुए कहा कि आरोपियों को राहत देने के लिए पर्याप्त आधार नहीं है। आरोपियों की दो दिन की न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने से पहले उन्हें अदालत में पेश किया गया था, जिसके बाद अदालत ने आदेश पारित किया। अदालत ने पूछा कि आरोपियों को किस आधार पर गिरफ्तार किया गया है तो पुलिस ने बताया कि उन्होंने पथराव किया था और घायलों में एक पुलिस उपायुक्त भी शामिल हैं। आरोपियों को जमानत देने का अनुरोध करते हुए वरिष्ठ वकील रिबैका जॉन ने कहा कि पुलिस के पास आरोपियों के खिलाफ सीसीटीवी फुटेज या अन्य सबूत नहीं हैं, इसलिए उन्हें जेल में नहीं रखा जाना चाहिए। अदालत ने शनिवार को आरोपियों को सोमवार तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति ने दावा किया है कि वह नाबालिग है लेकिन पुलिस का कहना है कि उसने अपनी उम्र 23 साल बताई है। शुक्रवार को दरियागंज में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान जब पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक हटाने की कोशिश की तो हिंसा भड़क गई थी और एक समूह ने पथराव कर दिया था।




### पाकिस्तानी प्रतिनिधियों ने अयोध्या में तीन दिन रहने की अनुमति मांगी

अयोध्या। पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध संत स्वामी सीताराम दास ओंकार नाथ देव ठाकुर की ओर से स्थापित जयगुरु सम्प्रदाय के ओंकारनाथ मिशन की ओर से अयोध्या के सुरसर मंदिर में पांच दिवसीय सनातन हिन्दू सम्मेलन व योग साधना शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर 26 दिसम्बर से शुरु होकर 30 दिसम्बर तक चलेगा। इसके बाद वाराणसी में भी पांच दिवसीय शिविर 31 दिसम्बर से चार जनवरी तक प्रस्तावित है। इस शिविर में पाकिस्तान के 230 प्रतिनिधियों का दल भी शामिल होने के लिए सोमवार को नई दिल्ली पहुंच गया है। इन पाकिस्तानी यात्रियों को पाक हाई कमिश्नर की ओर से भारत के मथुरा, वृंदावन, हरिद्वार व जगन्नाथपुरी का वीजा दिया गया है।

## झारखंड में अबकी बार रघुवर नहीं, हेमंत सरकार

**नई दिल्ली।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 के लिए आज नतीजों का दिन है। झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर हुए मतदान के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 के रुझान में भारतीय जनता पार्टी को एक तरह से झटका लगा है। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन ने काफी मशक्कत के बाद बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। हालांकि, रुझानों में अब भी सीटों की संख्या में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहे हैं। जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन और बीजेपी में सुबह से ही रुझानों में आगे-पीछे की होड़ लगी रही। कभी बीजेपी बहुमत के करीब हो रही थी तो कभी कांग्रेस-जेएमएम बहुमत पार कर रही थी। फिलहाल, कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन बहुमत के करीब और बीजेपी को एक तरह से बड़ा झटका लगा है। झारखंड विधानसभा चुनावों की मतगणना के प्रारंभिक रुझानों के अनुसार, मुख्यमंत्री रघुवर दास जमशेदपुर पूर्व विधानसभा सीट पर अब पीछे चल रहे हैं लेकिन झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष एवं चुनावों में गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन बरहेट सीट और दुमका विधानसभा सीट पर भाजपा से आगे चल रहे हैं। गौरतलब है कि झारखंड विधानसभा की 81 सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान 30 नवंबर से 20 दिसंबर तक हुआ था। सभी सीटों के लिए ईवीएम में बंद मतों की गणना सोमवार आनी आज 8 बजे से होगी। झारखंड विधानसभा चुनाव 2019 के लिए 24 जिला मुख्यालयों में गिनती सुबह 8 बजे से ही शुरू हो गई। मतगणना का अधिकतम दौर चतरा में 28 राउंड और सबसे कम दो राउंड चंदनकियारी और तोरपा सीटों पर होगा। उम्मीद की जा रही है कि दोपहर तक परिणाम आने शुरू हो जाएंगे।



## झारखंड चुनावः एक साल में भाजपा के हाथ से निकला 5 वां किला

**दिल्ली।** झारखंड चुनाव नतीजों और रझानों ने साफ कर दिया है कि एक और राज्य अब भाजपा के हाथ से निकल चुका है। कुछ दिनों पहले ही महाराष्ट्र में सत्ता गंवाने वाली भाजपा को झारखंड़ में हार का सामना करना पड़ा है। 2014 के विधानसभा चुनाव में 37 सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार 30 सीटों से नीचे सिमटती हुई दिखाई दे रही है। वहीं चुनाव नतीजों में विपक्षी महागठबंधन को बड़ी जीत हासिल हुई है और गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में बुहमत का आंकड़ा पार कर लिया है। ऐसे में अब भाजपा के हाथ से एक साल में पांचवा राज्य झारखंड हाथ से निकल गया है।

चुनावी रण में भाजपा का अकेले पड़ना - झारखंड़ में भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण उसका चुनावी रण में अकेले पड़ जाना। चुनाव से ठीक पहले राज्य में भाजपा के सहयोगी पार्टियों ने उसका साथ छोड़ दिया है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन (ƒछ्वस) के साथ छोड़ने से लगा। सूबे में अच्छी पकड़ रखने वाली आजूस को ठीक चुनाव के समय भाजपा से अलग होकर चुनाव लड़ने का फैसला उसकी हार का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है। इसके साथ ही एनडीए के अहम सहयोगी नीतिश कुमार की पार्टी जेडीयू और रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी के अलग चुनाव लड़ने से वोटों को बंटवारा हो गया जो उसकी हार का बड़ा कारण सबित हुआ।विपक्ष की किलेबंदी - एक ओर झारखंड़ चुनावी रण में भाजपा अपने सहयोगियों को एकजुट नहीं रख पाई वहीं भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए झारखंड़ मुक्ति मोर्चा(छ्वरूरू), कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने मोर्चबंदी कर एक साथ चुनाव लड़ा और अब चुनाव नतीजें बता रहे है कि विपक्ष की यह मोर्चबंदी भाजपा को सत्ता से बाहर करने में अहम साबित हुई है। अगर 2014 के विधानसभा चुनाव की बात करे तो इन तीनों दलों ने अलग अलग चुनाव लड़ा था। बड़े नेताओं की बगावत और खींचतान - झारखंड में भाजपा की हार का बड़ा कारण पार्टी के बड़े नेताओं की बागवत भी रहा। चुनाव के समय रघुवर सरकार में मंत्री रहे सरयू राय का बागी होकर खुद मुख्यमंत्री रघुबर दास के खिलाफ चुनाव लड़ना भाजपा की हार का बड़ा कारण बनी। इसके साथ पार्टी के बड़े नेताओं के बीच आपसी खींचतान और भीतरघात भी पार्टी की हार का बड़ा कारण बनी। राज्य के मुख्यमंत्री रघुवर दास और दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की आपसी खींचतान भी पार्टी की हार की बड़ी वजह साबित हुई है।



### मुख्यमंत्री रघुवर दास की छवि

झारखंड में भाजपा की हार का सबसे बड़ा कारण मुख्यमंत्री रघुवर दास की छवि बहुत बड़ा कारण मानी जा रही है। सूबे की सियासत के जानकार मानते हैं कि अपने फैसलों के चलते सरकार आदिवासियों के बीच काफी अलोकप्रिय हुई। रघबुर सरकार के काश्तारी कानून में बदलाव जैसे फैसलों ने उनकी छवि पर बहुत चोट पहुंचाई और अब चुनाव नतीजें भी बताते हैं कि आदिवासी वोटबैंक इस बार भाजपा के साथ नहीं गया। चुनाव नतीजें बताते हैं कि मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रति जनता की नाराजगी उसको महंगी पड़ी।

### स्थानीय मुद्दें बनाम राष्ट्रीय मुद्दों की लड़ाई

झारखंड विधानसभा चुनाव स्थानीय बनाम राष्ट्रीय मुद्दों पर लड़ा गया है। भाजपा जहां पूरा चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी के चेहरे, राममंदिर,कश्मीर से धारा 370 सामप्ति के मुद्दों लपर लड़ा वहीं विपक्ष ने आदिवासी के लिए जल जंगल और जमीन का मुद्दा उठाते हुए सीएनटी-एसपीटी एक्ट के मुद्दें को खूब जोर शोर से उठाया। इसके साथ ही मॉब लिचिंग और भुखमरी से हुई मौतों को भी विपक्ष ने चुनावी मंचों पर खूब जोर शोर से उठाया। झारखंड़ मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष और अब मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे हेमंत सोरेन ने झारखंड़ को लिंचिग प्री स्टेट का वादा करके एक विशेष समुदाय के वोट बैंक को अपनी तरफ खींच लिया।

## सम्पादकीय

# विरोध और समर्थन के बीच

कई उत्तर भारतीय राज्यों और शहरों में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का विरोध हो रहा है, और दक्षिण भारतीय राज्य भी इसका अपवाद नहीं हैं। केरल और पुडुचेरी के मुख्यमंत्रियों- क्रमशः पिनरई विजयन और नारायणसामी ने स्वयं इसका विरोध किया है। तमिलनाडु में एम के स्टालिन के नेतृत्व में द्रमुक ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। दक्षिण में विरोध प्रदर्शन ने तब हिंसात्मक रूप ले लिया, जब कर्नाटक में दो लोगों की मौत हो गई। तेलुगू भाषी दो राज्यों-आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी आंदोलन हुए हैं। लेकिन भारतीय जनता पार्टी, दक्षिणपंथी विचारक, सुपरस्टार रजनीकांत समेत कई नामचीन हस्तियां और आम लोग, जिनसे इन पंक्तियों के लेखक ने बातचीत की, इस विरोध प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। उनमें से कुछ लोग इन रैलियों और उसके बाद हुई हिंसा के पीछे निहित स्वार्थी तत्वों का हाथ भी देखते हैं।चेन्नई में छात्रों के एक वर्ग के विरोध प्रदर्शन की रिपोर्टिंग करने वाले एक मीडियाकर्मी का कुछ ऐसा कहना है- %मैंने विरोध प्रदर्शन करने वाले पांच युवाओं से सीएए और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) का विश्लेषण करने के लिए कहा, तो उनमें से तीन युवाओं को कुछ भी पता नहीं था। उनमें से दो ने बताया कि उन्हें उनके %सीनियरों% ने बताया कि इस कानून से मुसलमानों को देश से बाहर भेज दिया जाएगा। यदि चेन्नई के एक प्रमुख संस्थान के छात्रों का यह हाल है, तो आप कल्पना कर सकते हैं कि राज्य के अन्य हिस्सों के छात्रों को किस तरह गुमराह किया गया होगा। भाजपा की तमिलनाडु इकाई के सचिव के टी राघवन पूछते हैं कि सीएए का कौन-सा हिस्सा भारत के मुस्लिम नागरिकों के खिलाफ है, जैसा कि विपक्षी पार्टियां आरोप लगाती हैं। अपनी पार्टी द्वारा इस कानून के समर्थन में तिरुचिरापल्ली में हुए प्रदर्शन में भाग लेने वाले राघवन कहते हैं वे सिर्फ राजनीतिक लाभ हासिल करने और भाजपा के खिलाफ लोगों को भड़काने के लिए इस मुद्दे पर झुठे अभियान में लोगों को शामिल कर रहे हैं। राघवन कहते हैं कि सत्तारूढ़ भाजपा सरकार केवल अपने सभी चुनावी वादों को लागू कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया है कि यह कानून किसी भारतीय को बुरी तरह से प्रभावित नहीं करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुस्लिमों का वोट सुरक्षित करने के लिए द्रमुक, कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियां दोहरा खेल खेल रही हैं।

# ज़िंदगी के अनुभवों की पाठशाला से उपजा सृजन

अखिल भारतीय साहित्य अकादमी के 2019 के पुरस्कारों की सूची में शुमार पंजाबी कहानीकार किरपाल कजाक खुद में एक अनूठी कहानी हैं। उन्हें उनके कहानी संग्रह 'अंतहीन' के लिए अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। किरपाल कजाक की बाबत विलक्षण यह है कि उन्होंने महज नौवीं तक जैसे-तैसे (बल्कि यूं कहिए, बेहद अनमने होकर) स्कूली शिक्षा हासिल की। उसके बाद एक भी जमात आगे नहीं पढ़े लेकिन नौकरी से रिटायर हुए बाकायदा प्रोफेसर के पद से! संभवतः ऐसा कोई दूसरा उदाहरण देश में नहीं होगा। यही नहीं, कजाक, पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला की शोध-संधान पत्रिका के संपादक भी रहे और एक से एक उल्लेखनीय तथा संग्रहणीय अंक इस पत्रिका के उनके संपादन में प्रकाशित हुए। बखूबी कहा जा सकता है कि किरपाल कजाक अकादमिक जगत की कोयले की खान में एक हीरे की मानिंद पैदा हुए, चमके और आज तक अपनी चमक को बरकरार रखे हुए हैं। बेशुमार बेमिसाल कहानियों के रचयिता इस रचनाकार की जिंदगी खुद में एक जिंदा कहानी है। यथार्थ और यथास्थिति के बीच कलम की जादूगरी के साथ तनकर खड़ी ऐसी शख्सियत, जो साथ-साथ वर्तमान का इतिहास भी है। अपने किस्म की माफियागिरी में तबदील होती जा रही अकादमिक-दुनिया को कजाक की जीवनधारा खुली चुनौती देती है।

पाकिस्तान में शेखुपुरा में आजादी से दो साल पहले यानी 1945 में एक निहायत गरीब परिवार में किरपाल कजाक का जन्म हुआ। पिता साधु सिंह पेशे से राजमिस्त्री थे। विभाजन के बाद पूरा परिवार पटियाला के गांव फतेहपुर राजपूतां आ गया। किरपाल थोड़ा बड़े हुए, नौवीं तक स्कूली किताबों से मत्था लगा लिया तो पढ़ाई के प्रति अरुचि को देखते हुए उनसे राजमिस्त्री का काम करने को कहा गया। हालांकि पिता फारसी और अरबी अदब के अच्छे जानकार थे। बचपन से उनकी इकट्ठा कीं किताबें पढ़ने तथा बातें सुनने वाले कजाक को यह आदेशनुमा मशवरा रास नहीं आया और आवारगी का चोला पहनकर वह घर से फरार हो गए। पूरे दस साल घर वालों के लिए लापता रहे। संगी-साथी बने आदिवासी कबीले, जेबकतरे, खानाबदोश व रहस्यों की तलाश में खुद रहस्य बन जाने वाले साधु! इस 'संगत' के अद?्भुत-निराले अनुभवों को वह कॉपियों पर कलम से लिखते रहे। घर लौटे तो यह




थाती उनके साथ थी, अब तक है। वर्ष 1970 में पिता की मौत के बाद परिवार की जिम्मेदारी उन पर आई तो उन्होंने पहले मजदूरी की और फिर कारपेंटरी। लिखना जारी रखा और लिखे हुए को एक बार अमृता प्रीतम को दिखाया। अमृता को उनकी जीवनयात्रा के सच्चे किस्सों ने तो हैरान किया ही, उनके लेखन का स्थायी प्रशंसक भी लगे हाथों बना दिया। उन्हीं के सुझाव से कृपाल कजाक ने अपना लिखा छपवाना शुरू किया। वे सिकलीगरों (घुमंतू समुदाय) के बीच वह बरसों रहे थे। उन्होंने सिकलीगरों के इतिहास से लेकर वर्तमान तक, समाजशास्त्रीय तथा सांस्कृतिक पहलुओं को सामने रखकर कुछ किताबें लिखीं। कजाक का यह काम इसलिए भी गंभीर चर्चा में आया कि उनसे पहले किसी भारतीय या विदेशी लेखक ने इस घुमंतू जाति के लोकाचार पर ऐसा प्रमाणिक काम नहीं किया था। डॉ रामविलास शर्मा, डॉ. नामवर सिंह, विजयदान देथा आदि विभूतियों को गुरमुखी नहीं आती थी, लेकिन वे कजाक के इस मौलिक तथा अति महत्वपूर्ण खोजपूर्ण लेखन से बखूबी वाकिफ थे। कृष्णा सोबती भी। लेकिन इससे सब नावाकिफ थे कि किरपाल कजाक ने स्कूली शिक्षा भी पूरी हासिल नहीं की और आजीविका के लिए मजदूरी करते हैं। उनका यह काम अंतर्राष्टीय स्तर का है। इस बीच कजाक ने पंजाबी साहित्य की परंपरागत धारा को नई दिशा देने वाली बेहतरीन और अनूठे शिल्प वाली कहानियां भी खूब लिखीं, जिनमें पंजाबी सभ्याचार और 'ईथोस' का ऐसा यथार्थवादी चित्रण है जो सिर्फ कला और गल्प के जरिए ही साहित्यिक दस्तावेज बनाया जा सकता है। इस मायने में वह यकीनन फणीश्वर नाथ रेणू और विजयदान देथा बिज्जी के बेहद करीब हैं। किरपाल कजाक ने ग्रामीण पंजाब के सामूहिक द्वंद्ववादी मनोविज्ञान को नई परिभाषाएं दीं, जो उनके अपने अनुभव की उपज हैं। वह कहते हैं, 'मैंने जो भी लिखा, जिंदगी और अनुभव की पाठशाला की देन है।' अब इस शख्स के विश्वविद्यालय की नौकरी तक जाने की कहानी संक्षेप में। प्रोफेसर हरबंस सिंह पंजाब के प्रतिष्ठित बुद्धिजीवी रहे हैं। अंग्रेजी अनुवादक भी। किरपाल कजाक पंजाबी यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर के घर काम कर रहे थे कि वहां डॉक्टर हरबंस सिंह आ गए। उन्होंने कजाक से प्रोफेसर साहब की बाबत पूछा और साथ ही यह भी कि वह कौन हैं? कजाक ने अपना नाम बताया तो हरबंस सिंह ने फिर पूछा कि कहीं आप वही कजाक तो नहीं जिनकी कहानियां प्रकाशित होती हैं। किरपाल कजाक ने बताया कि वह वही हैं। हरबंस सिंह हक्का-बक्का रह गए कि इतना नायाब और प्रतिभाशाली कहानीकार मजदूरी कर रहा है। उन्होंने बाद में कजाक की कहानियों का अंग्रेजी अनुवाद किया और विश्वविद्यालय के प्रकाशन विभाग की पत्रिका 'खोज' में उन्हें नौकरी दिला दी। यह 1986 की बात है। किरपाल कजाक ने 'खोज' पत्रिका के एक से एक जबरदस्त अंक निकाले जो अतुलनीय हैं। उनकी विलक्षण प्रतिभा का लोहा मानते हुए पंजाबी विश्वविद्यालय ने उन्हें सीधा प्रोफ़ेसर का पद दे दिया जहां से वह कुछ साल पहले सेवा मुक्त हुए। विश्वविद्यालय की कई शोध और शैक्षणिक गतिविधियों से वे आज भी जुड़े हुए हैं। 1947 के बाद ऐसा कोई दूसरा उदाहरण कम से कम भारत में नहीं होगा कि एक नौवीं कक्षा तक पढ़े लेखक को ज्ञान और प्रतिभा के बल पर किसी बड़े विश्वविद्यालय में प्रोफेसर जैसा उच्च पद दिया गया हो और लेने वाले ने भी उसकी गरिमा निरंतर बढ़ाई हो।

## गोविंदा के बारे में यह बोलीं टीना आहूजा

# मेरे डैड मुझे हर दिन, हर तरीके से प्रेरित करते हैं



बॉलिवुड स्टार गोविंदा ने हाल ही में अपना 56वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनकी बेटी और अभिनेत्री टीना आहूजा ने कई ऐसे तरीकों का खुलासा किया, जिनके जरिए उनके पिता उन्हें प्रेरित करते हैं।

टीना आहूजा ने कहा, 'डैड मुझे हर दिन, हर तरीके से प्रेरित करते हैं। मेरे लिए यह काफी मुश्किल है कि मैं ये बता पाऊं कि वो मेरे लिए किस तरह से प्रेरणा बनते हैं। अपने काम के प्रति जुनून से लेकर संजीदगी तक और हर तरह की परिस्थितियों में किस तरह तालमेल बिठाते हैं, वह बात मुझे सबसे ज्यादा प्रेरित करती है। एक इंसान के तौर पर वह काफी सुहृढ़ हैं, ये चीज मुझे सबसे ज्यादा अच्छी लगती है।

टीना आहूजा ने कॉमिडी फिल्म 'सेकंड हैंड हज्बंड' से बॉलिवुड में डेब्यू किया था। इसके अलावा उनको साल 2016 में 'बेस्ट न्यू फेस ऑफ द इयर' के लिए भी चुना गया था। टीना का हाल ही में एक गाना रिलीज हुआ है। इस गाने को गजेन्द्र वर्मा ने आवाज दी और वह खुद ऑनस्क्रीन उनके साथ दिखाई दे रहे हैं।

# दुबई में इंजॉय कर रहीं अनन्या पांडे

## बीच वाली हॉट तस्वीरें वायरल

ऐक्ट्रेस अनन्या पांडे ने फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से बॉलिवुड इंडस्ट्री में डेब्यू किया है। इसके बाद से ही वह लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। हाल ही में वह फिल्म 'पति पत्नी और वो' नजर आई थी। इस समय अनन्या पांडे दुबई वकेशन पर गई हुई हैं। वहां से उन्होंने कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है।





अनन्या पांडे ने अपने दोस्तों के साथ दुबई में क्वालिटी टाइम स्पेंट कर रही हैं। वह कभी बीच तो कभी समुद्र के अंदर की तस्वीरें शेयर कर रही हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में शेयर की गई तस्वीर में वह अपने दोस्त के साथ मस्ती करती नजर आ रही हैं। ऐक्ट्रेस की सोशल मीडिया पर काफी लंबी फैन फॉलोइंग है। उनके फोटोज और विडियोज शेयर करते ही इंटरनेट पर वायरल हो जाते हैं।

अनन्या पांडे की डेब्यू फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' में टाइगर श्रॉफ और तारा सुतारिया भी थे। ऐक्ट्रेस इस समय अपनी दूसरी फिल्म 'पति पत्नी और वो' की सक्सेस को इंजॉय कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर भी हैं। अनन्या पांडे डायरेक्टर मकबूल खान की फिल्म 'खाली पीली' में ईशान खट्टर के साथ नजर आएंगी। दीपिका के साथ एक अनन्या पांडे अनटाइटल्ड फिल्म में भी नजर आनेवाली है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी भी नजर आएंगे।

## बस अभी जगा हूँ



बस अभी जगा हूँ, सपनो के भवर जाल से,
कदम अभी चले है,जो फॅसे थे मकड़जाल में,
मन की जकड़न ने भी अभी अंगड़ाई ली है।
पैरो की बेड़ियों ने भी अभी पैरो को रिहाई दी है।।
हृदय की धड़कन ने भी तोड़े है अब भय के जाले,
मंजिल मिले ना मिले अब कदम नही रुकने वाले
माना राह के काँटो ने पैरो को कई बार छला है।
ठोकर खाते पैरो ने खुद को पत्थर सा बुना है।।
सम्मान पाने के लिये झूठ से समझौते किये थे मैंने,
अब सच्चाई से जियूँगा ये वादा खुद से किया है मैंने,

नीरज त्यागी
ग़ाज़ियाबाद ( उत्तर प्रदेश ).
मोबाइल 09582488698
65/5 लाल क्वार्टर राणा प्रताप स्कूल के सामने
ग़ाज़ियाबाद उत्तर प्रदेश 201001

## नन्ही परी



आओ स्वागत करे उस नन्ही सी जान का ,
अभी अभी जो इस दुनिया मे आयी है।
नन्हे नन्हे पाँव जिसके मुठ्ठी बंद हथेलिया है,
दिलो में खुशियां है इतनी जो घर मे ना समायी है।
देवी सा रूप है जिसका अधरों पर मुस्कान है,
और कोई नही वो लक्ष्मी दुर्गा सरस्वती का ज्ञान है।
वो ही कर्म वो ही किस्मत वो ही महादान है,
नाज करे जिस पर माँ बाप वो ही पागड़ी की शान है।
गूंज रही है किलकारियां घर के कोने कोने में,
वो पिता भी मन में कह रहा मेरी बेटी मेरा अभिमान है।
मणिकर्णिका बन कर जो इस जहांन को जीतेगी,
जनकदुलारी बन कर जो घर आंगन को समेटेगी।

स्वरचित
प्रियंका पवन खांताल(बावली)
उरई उप्र-

## पहला प्यार



खून के खत से शेर चार
लिखा था।
मैंने पहला -पहला प्यार
लिखा था।।
रात को जब सोया था जी
भर कर।
तेरे चेहरे पर मेरा इजहार
लिखा था।।
छत पर तेरा आना और मुस्कराना।
दिल पर तेरा मैंने इंतज़ार लिखा था।
भुला नहीं पाया मैं पहली मुलाकात।
जब अजनबी पर एतबार लिखा था।।
न जाने कौन सा शुभ वक़्त था दोस्त।
राजेश का रब ने मुक्कदर लिखा था।।

कवि राजेश पुरोहित
भवानीमंडी

## जुआ खेलते चार गिरफ्तार, नगदी जब्त

भिण्ड,ब्यूरो। जिले में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक रूडोल्फ अल्वारेस के निर्देशन में लहार थाना पुलिस ने कस्बा स्थित जनकपुरा से चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी जब्त कर उनके खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। थाना प्रभारी को शनिवार की देर शाम जरिए मुखबिर मिली कि कस्बा क्षेत्र के जनकपुरा में लल्लू सरपंच के घर के सामने जुआ खेला जा रहा है। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर बताए गए स्थान की घेराबंदी कर सत्यवीर उर्फ मुन्ना दौहरे, तुलाराम दौहरे, जगदीश गुप्ता एवं गिरीश दौहरे निवासीगण लहार को दबोच लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 1130 रुपए की नगदी एवं ताश की एक गड्डी जब्त का उनके विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## सोने-चांदी के आभूषण पार, अज्ञात पर मामला दर्ज

**भिण्ड,ब्यूरो।** गोरमी थाना क्षेत्र के कुटरौली स्थित शंकरपुरा गांव में अज्ञात चोरों ने मौका पाकर एक घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने की घटना को अन्जाम दे दिया है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरारी वघेल पुत्र पूरन सिंह निवासी कुटरौली शंकरपुरा शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात अपने घर में सो रहा था, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर घर में घुसकर सोने-चांदी के आभूषण कुल कीमत 45 हजार रुपए चोरी कर मौके से फरार हो गए। जब फरियादी ने सुबह घर का सामान बिखरा देखा तो उसे घर में रखे आभूषण गायब मिले। इस घटना की जानकारी फरियादी मुरारी बघेल ने पुलिस को दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर से अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरु कर दी है।

## आपकी सरकार आपके द्वार शिविर ग्राम खेनता गौशाला परिसर में 27 को

**भिण्ड,ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर छोटेसिंह की अध्यक्षता में जिले की जनपद पंचायत गोहद के अन्तर्गत ग्राम खनेता गौशाला परिसर में 27 दिसम्बर 2019 को आयोजित किया जाएगा। साथ ही आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत नागरिको की समस्याओं एवं शिकायतो का निवारण हेतु जनपद स्तर पर शिविरों का आयोजन जिले में गत 15 नवम्बर से 31 जनवरी 2020 तक प्रातः 11 बजे से शिविरो का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर छोटेसिंह ने बताया कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 27 दिसम्बर 2019 को जनपद पंचायत गोहद के अन्तर्गत ग्राम खनेता गौशाला परिसर में प्रातः11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के समस्त विभागों के जिला अधिकारी अपने मैदानी अधीनस्थों के साथ उक्त शिविर में अनिवार्यतः उपस्थित रहकर नागरिको की समस्याओं एवं शिकायतो का निराकरण करेंगे। इसीप्रकार 10 जनवरी 2020 को जनपद पंचायत अटेर के अन्तर्गत किला परिसर अटेर में एवं 31 जनवरी 2020 को जनपद पंचायत रौन के अन्तर्गत श्री गांधी उच्च मा.वि. मछण्ड में प्रातः 11 बजे से शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक 28 दिसम्बर को

**भिण्ड,ब्यूरो।** जिला पंचायत की शिक्षा स्थाई समिति की बैठक का आयोजन 28 दिसम्बर 2019 को दोपहर 12 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में नियत दिनांक व समय पर शिक्षा स्थाई समिति के सदस्य उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

## सेवड़ा पुलिस ने बिना गेट पास गुड़ से भरा वाहन पकड़ा

**दतिया ब्यूरो।** मंडी प्रशासन की अनदेखी की बजह से जिले के कई क्षेत्रों में मंडी राजस्व को बचाने चोरी छिपे की टेक्स की चोरी की जा रही है। ताजा मामला सेवड़ा क्षेत्र का है, जहाँ सेवड़ा पुलिस क्षेत्रीय अनुविभागीय अधिकारी रात में गस्त चेक करते हुऐ सेवड़ा रोड पर चेकिंग के दौरान विना गेट पास गुड़ से भरा आयसर वाहन पकड़ा है। जिसके पास मंडी प्रशासन के गेट पास से सम्बद्धता कागज नही थे। जिसे जप्त कर लिया गया है। चाहे खनिज की बात करे या विक्रय के लिए जा रहे अनाज की सम्बंधित माफिया शासन को मिलने वाले टैक्स की चोरी कर रहे है जिंसको रोकने के लिए खनिज की कार्यवाही के लिए खनिज विभाग बनाया गया वंही मंडी से बिना टैक्स दिए अनाज को एक जिले से दूसरे जिले में ले जाने वाले ब्यापारी पर कार्यवाही के लिए कृषि उपज मंडी बनाई गई है लेकिन ये विभाग आपस में गठजोड़ कर शासन को मिलने वाले टैक्स की चोरी कर अपनी अपनी जेवे गर्म करने में लगे हुए है। गोरतलब है कि मंडी बोर्ड की नियमो को अगर खाका तैयार किया जाए तो मंडी अपबंचन से से जुड़ी धाराओ के मुताविक बिना टैक्स दिए कोई भी अनाज जैसे गुड़, सरसो, मटर, चना जैसी जिंसों को बिना टैक्स या गेट पास के गाड़ी मंडी क्षेत्र से निकलनी नही चाहिए जिसके लिए मंडी सचिव अलग अलग क्षेत्र में प्रभारी बनाया जाता है जैसे इंदरगढ़, थरेट, भुआपुरा और सेवढा लेकिन हास्य प्रद बात यह है कि चार चार मंडी से निकलकर उक्त वाहन विक्रय के लिए बिना गेट पास के निकल जाते है और ये प्रभारी कार्यवाही न करते हुए मंडी टैक्स चोरी में अपनी अपनी हिस्सेदारी बना लेते है और इस टैक्स का बंदरबाट हो जाता है ठीक यैसा ही उदाहरण शनिवार की रात्रि को देखने को मिला जब एस डी ओ पी सेवढा नरेंद्र सिंह गहरवार दुवारा आइसर क्रमांक एम पी 06 जी ए 0308 तेजी से आ रही गाड़ी को दतिया सेवढा रोड पर रोका तो उसमें गुड़ भरा हुआ था संबंधित चालक से बात की गई तो उपमंडी इन्दरगढ़ अंर्तगत गोराघाट से गुड़ को भरकर इन्दरगढ़ के किसी ब्यापारी का नाम बताया जिंसको बेचने के लिए पोरसा जा रहा था करीब 12 बजे तक उक्त वाहन में गुड़ से सम्बंधित मंडी के गेटपास कागजात उसके पास नही था खबर लिखे जाने तक उक्त वाहन थाना सेवढा की अभिरक्षा में रखा रहा।

## पीताम्बरा अकादमी की टीम ने 100 रन से जीता मैच

दतिया ब्यूरो। स्टेडियम ग्रांउड में अंडर 14 क्रिकेट खिलाडियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया जिस में पीताम्बरा क्रिकेट अकादमी ने मिनिस्टर क्रिकेट टीम को 100 रन से पराजित किया। पीताम्बरा क्रिकेट अकादमी निर्धारित 25 ओवरो में 262 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। जिस में पीताम्बरा अकादमी के कप्तान प्रथम यादव ने षानदार पारी खेलते हुए 20 वोलो में 61 रन बनाये प्रथम यादव ने 14 चौके मारे संस्कार 53 मधुर श्रीवास्तव 49 सागर साहू 35 योगदान दिया मिनिस्टर टीम की ओर से अभय अहिरवार ने 46 रन बनायें जवाव में बल्लेवाजी करते हूऐ मर्निस्टर टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही उनके दो विकेट 20 रन के अन्दर गिर गए शिवम् ने 16 रन श्रेयस रावत 4 रन पर आउट हो गये। टीम ने 162 रन पर आउट हो गई।

## फरार आरोपी पकड़ा

दतिया ब्यूरो। जिगना पुलिस ने स्थाई वारंटी गोविंद पुत्र गंधर्व सिंह यादव को पोस्ट ऑफिस गली उन्नाव से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर थाना सरसई में मारपीट,हवाई फायर,बलात्कार, के 03 अपराध तथा थाना टहरौली जिला झांसी में आर्म्स एक्ट के 02 अपराध पंजीबद्ध है। आरोपी आदतन अपराधी होकर विगत एक वर्ष से फरार था जिगना थाना प्रभारी रविंद्र शर्मा की कार्यवाही।

### मुख्यमंत्री के 28 दिसम्बर को लहार कार्यक्रम के संबंध में

# कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**भिण्ड।** कलेक्टर छोटेसिंह की अध्यक्षता में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री कमलनाथ के 28 दिसम्बर 2019 को लहार चौरई तिराहे पर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे। इस अवसर पर एसडीएम भिण्ड इकबाल मोहम्मद, लहार ओएन सिंह, अटेर अभिषेक चौरसिया, गोहद आरए प्रजापति, मेहगांव गणेश जायसवाल, डिप्टी कलेक्टर डीके शर्मा, सिद्वार्थ पटेल एवं शुभम शर्मा सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर छोटेसिंह ने बैठक में बताया कि 28 दिसम्बर 2019 को मुख्यमंत्री कमलनाथ लहार क्षेत्र के चौरई तिराहा पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही वे यहां किसान फसल ऋण माफी योजनान्तर्गत द्वितीय चरण के तहत किसानों को ऋण माफी प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी कार्यक्रम स्थल से जिले में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना अन्तर्गत पांच नवनिर्मित गौशालाओं का उदघाटन भी करेंगे। कार्यक्रम में किसान मेले का आयोजन भी किया जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में जिला अधिकारियों को विभिन्न प्रकार के दायित्व सौंपे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी तैयारियां समयावधि में पूर्ण करें। कलेक्टर



छोटेसिंह ने समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान गिरदावरी अन्तर्गत न्यून कार्य होने पर नाराजगी जाहिर की। अभी तक गिरदावरी अन्तर्गत जिले में सिर्फ18 प्रतिशत कार्य हुआ है। उन्होंने फौती नामांतरण, राजस्व बसूली आदि में भी कार्य में प्रगति न होने पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने पात्रता पर्ची सत्यापन कार्य में धीमी गति एवं प्रगति न पाए जाने पर सीईओ जनपद एवं सीएमओ नगर पालिका पर नाराजगी जाहिर की। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि सभी शासकीय दफ्तरों में दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा हेतु रेम्प की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों में दिव्यांग व्यक्तियों की सुविधा हेतु व्हील चेयर की व्यवस्था भी की जाए। कलेक्टर छोटेसिंह ने सीएम हैल्पलाईन अन्तर्गत प्राप्त शिकायतो की विस्तृत समीक्षा कर समस्त अधिकारियों को सीएम हैल्पलाईन अन्तर्गत 100 दिवस से अधिक की शिकायतों का शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी सीएम हैल्पलाईन की शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें। समीक्षा के दौरान ई पीएचई की सीएम हैल्पलाईन में अधिक शिकायते पाए जाने पर कलेक्टर ने अप्रश्नत्ता पत्र जारी करने के निर्देश दिए। बैठक से अनुपस्थित पाए जाने पर कलेक्टर ने सीएमओ आलमपुर,मेहगांव एवं सीईओ लहार जनपद को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इसके साथ समय सीमा अन्तर्गत प्राप्त पत्रों, आपकी सरकार आपके द्वार, जनसुनवाई एवं समाधान एक दिवस की भी विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




**बीपीसीएल के एम पी और छत्तीसगढ़ के हेड मिस्टर सिन्हा और ग्वालियर डिविजन के टी एम साहब ने तिरुपति फिलिंग सेंटर मालनपुर को सोपी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की प्रथम मोबाइल डीजल की सौगात प्रोपराइटर योगेंद्र सिंह भदोरिया आज दिनांक शाम 4:00 बजे मालनपुर इंडस्ट्रियल एरिया में बीपीसीएल के हेड सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में मध्य प्रदेश का पहला ट्रक पर निर्मित पेट्रोल पंप एक ऐप के जरिए डिमांड आने पर यथा स्थान गाड़ी से डीजल भिजवाने की सुविधा जिसका कोई अतिरिक्त कन्विंसिंग चार्ज नहीं होगा और पंप रेट पर ही मालनपुर इंडस्ट्रियल एरिया एवं बिलोबा क्रेशर इंडस्ट्रीज में भेजने की सुविधा मुहैया कराई गई जिसके अंतर्गत डीजल की क्वालिटी एवं क्वांटिटी की पूर्ण गारंटी होगी।**

## हम हैं ना शिक्षा एवं सशक्तिकरण समिति की ओर से मरीजों को रोजाना भोजन वितरण

**23दिसम्बर 2019**
**सोमवार, 58वां दिन**

आज 250 जरूरतमंद लोगों को हॉस्पिटल में दलिया व खिचडी भोजन मुहैया कराया गया। हम हैं ना शिक्षा एवं सशक्तिकरण समिति की ओर से मरीजों को रोजाना भोजन वितरण मे आप भी अपना योगदान दे सकते हो ओर संस्था का सहयोग कर सकते हैं। जैसे अगर अपका जन्मदिन है या सादी की सालगिरह है या किसी की पुण्य तिथि पर आप एक दिन का भोजन का समान या खर्चा दे कर आइये इस मुहिम में अपनी भूमिका निभाएं। क्योंकि कोई भूखा न रह जाए।



## जवाहर नवोदय की चयन परीक्षा 11 जनवरी को

भिण्ड। भोपाल के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं के लिये 11 जनवरी 2020 को चयन परीक्षा आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा भोपाल जिले के 8 केन्द्रों पर होगी। चयन परीक्षा के प्रवेश-पत्र रातीबड़ के बीआरसीध्जवाहर नवोदय विद्यालय के कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। जिन पालकों ने ऑनलाइन फार्म भरा है, वे ढ्ढ.दअेंकउपेपवदबसेंपग.पदझ से प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। चयन परीक्षा के बारे में रातीबड़ जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य से अथवा टेलीफोन नम्बर 0755-2896325/2896648 मोबाइल नम्बर 9584359571, 9981310166 पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### ग्वालियर के उभरती प्रतिभा

## क्रिकेटर अभिषेक अवस्थी का अभिभाषक विश्वकप क्रिकेट में चयन

**अमित शर्मा रिपोर्टर**

मानवता युवा फाउंडेशन द्वारा ग्वालियर के उभरती प्रतिभा क्रिकेटर अभिषेक अवस्थी का चयन न्यूजीलैंड में आगामी 25 दिसम्बर 2019 से 14 जनवरी 2020 तक आयोजित होने वाले अभिभाषक विश्वकप क्रिकेट में चयन होने पर मानवता युवा फाउंडेशन संस्था की और से 20000 रुपये के चेक द्वारा प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी एवं माल्यार्पण और मिठाई द्वारा उनका सम्मान किया गया। अभिषेक द्वारा चयनित भारतीय सुप्रीम कोर्ट के अभिभाषकों की टीम से तीसरा विश्वकप खेलेंगे। इससे पूर्व प्रिय अभिषेक ने इंग्लैंड और वेस्टइंडीज में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सुप्रीम कोर्ट अभिभाषकों के दो विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर तीन मैन ऑफ द मैच व वैस्टइंडीज में मैन ऑफ द



टूर्नामेंट की ट्रॉफी जीती थी। पूर्व में जीवाजी विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में विभिन्न राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट में भागीदारी कर चुके हैं। साथ ही पंजाब इलेवन की ओर से टी 20 मैच में सहयोगी खिलाड़ी भी रह चुके है। इस उपलक्ष्य में संस्था के अध्यक्ष कमल सिकरवार, सचिव लोकेन्द्र सिंह भदौरिया, एवं समाजसेवी के रूप में डॉ नीरज मिश्रा, रविकांत सिंह, अनिल राजावत, कमल शर्मा, सौरभ मित्तल,घनश्याम भदौरिया आदि ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## जय किसान फसल ऋण माफी योजना का द्वितीय चरण आरंभ

**भिण्ड।** जय किसान फसल ऋण माफी योजनांतर्गत कलेक्टर छोटे सिंह की अध्यक्षता में जिला बैंकर्स कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त बैंक प्रतिनिधि एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर छोटेसिंह ने निर्देश दिए गए जिन किसानों ने ऋण माफी योजना के अंतर्गत विवाद या किसी विसंगति की स्थिति के कारण गुलाबी फार्म भरे थे, उनके निराकरण हेतु जिले की समस्त बैंक शाखाओं में 26 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2019 तक छुट्टियों के दिवस को छोड़कर कैंप लगाये जायेगें। इन शिविरों में वे सभी किसान जिन्होने गुलाबी फार्म भरे थे, वह अपनी अपनी बैंक शाखा में उक्त दिनाकों में अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपनी समस्या का निराकरण करायेगें।

## टीवी सीरियल डार्क स्टोरी में अंकित प्रजापति निभाएंगे एक अहम रोल

### उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से अंकित प्रजापति से खास बातचीत



**भोपाल(अर्पित गुप्ता)** अभी हाल ही में आर.एल.पी प्रोडक्शन हाउस के द्वारा,उनके आने वाले टी.वी. सीरियल डार्क स्टोरी एक अनसुलझी दास्तां के विषय मे पत्रकार वार्ता में डायरेक्टर अविजीत प्रधान ने बताया की ये ग्वालियर शहर से पहला टी. वी. सीरियल है।जिसमें ग्वालियर के कलाकारों को ही मौका दिया गया है।इस सीरियल के जरिए कलाकारो को एक अच्छा प्लेटफार्म मिल पाए,इसी उम्मीद के साथ इस सीरियल को तैयार किया गया है। अंकित प्रजापति जो कि इससे पहले भी टी.वी के बहुत ही चर्चित सीरियल सावधान इंडिया और बॉलीवुड मूवी लुका छुपी में काम कर चुके है।पुष्पांजली टुडे के उपसम्पादक अर्पित गुप्ता से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि इस नाटक में वो ष्टद्धष्ठ टीम में यादव जी नाम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे जो कि एक बहुत ही महत्वपूर्ण किरादर के रूप में है।और साथ ही इनका कहना है कि छोटे पर्दे और बड़े पर्दे पर अलग-अलग डायरेक्टर्स के साथ काम करने बाद भी उनको डार्क स्टोरी सीरियल के शूट के दौरान डायरेक्टर अविजीत प्रधान जी का डायरेक्शन और क्रिएटिविटी किसी बॉलीवुड डायरेक्टर से कम नही लगी।और एक प्रॉफेशनल डायरेक्टर की तरह अविजीत जी ने इस सीरियल के हर एक झेत्र पर बहुत ही गहराई से काम किया है।इसी के साथ में अविजीत सर को धनयवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे एक महत्वपूर्ण किरदार के लिए इस सीरियल में कास्ट किया।अंकित प्रजापति जी को कला के क्षेत्र में लगातार मिलती सफलता पर उनके परिवार,अविजीत प्रधान जी,अछेन्द्र कुशवाह,नीलम दिक्सित,भूपेंद्र प्रेमी,डॉ. के.के. दीक्षित, डायरेक्टर प्रशान्त चव्हाण, अतुल सोनी और उनके दोस्तों ने बधाई दी।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस आज

भिण्ड। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में 24 दिसम्बर 2019 को प्रातः11 बजे आयोजित किया जाएगा। जिसमें उपभोक्ताओं को जागरूक करने संबंधी प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम रहेंगे। कलेक्टर छोटेसिंह ने कहा कि उपभोक्ताओं को जागरूक करने के संबंध में अपने विभाग से संबंधित जानकारी देने हेतु उपस्थित हो तथा अपने विभाग से संबंधित बैनर पोस्टर पेम्पलेट आदि कार्यक्रम प्रारंभ के पूर्व लगाए जाना सुनिश्चित करें।

## शैक्षिक सम्बाद कार्यक्रम बी आर सी ने दिए निर्देश

**पुष्पांजली टुडे**

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा दिये गए निर्देशानुसार जनपद शिक्षा केन्द्र तेंदूखेड़ा के अंतर्गत आने बाले समस्त जनशिक्षा केंद्रों में कक्षा 1 एवम 2 पडाने बाले शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें झलोन हिनोति एवम तेजगढ़ में बीआरसी एन एस राजपूत और बीएसी कमलेश कुमार सोनी ने शिक्षकों को छात्रों के शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए आवश्यक गतिविधियों को कक्षा स्तर पर उपयोग करने हेतु दिशानिर्देश दिए।उपस्थित प्रत्येक विद्यलय से शिक्षकों को प्रतिभा पर्व के अनुसार छात्रों के स्तर को आंकने एवम उस पर उन्नति हेतु राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा दिये गए निर्देशो का पालन करने हेतु आग्रह किया। इसके अलावा उन्होंने



ट्रांजिशन लॉस अनमेप बच्चों लगातार अनुपस्थित बच्चों और प्रोफाइल उपडेशन सम्बन्धी निर्देश दिए ताकि छात्रों को शासन द्वारा दिये जा लाभ समय पर मिल सके।प्रतिभा पर्व के दौरान विद्याथियों के स्तर विद्यलय के स्तर शालेय अभिलेख मध्यान भोजन अधोसरंचना एवं गतिविधियों पर मूल्यांकन कर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार चिंहित विधालयो में सतत निरीक्षण कर अकादमिक समन्वयको को सपोर्ट के लिए सख्त निर्देश दिए गए।प्रशिक्षण में झलोन से जनशिक्षक आनंद खरे धर्मेंद्र ठाकुर पूरा से प्रह्लाद सिंह तेजगर से परसादी अहिरवार ने मेंटर की भूमिका में अपना योगदान दिया।बी ए सी कमलेश सोनी द्वारा पूर्ण मनोयोग से छात्रों के प्रति कर्तव्य पालन के साथ शासकीय विधालयो में बाल कैबिनेट बालसभा आदि सर्वांगीण विकास की गतिविधियों को संचालित करने के निर्देश दिए।

दैनिक
पुष्पांजली टुडे



# जैविक खाद का उत्पादन महिलाओं के रोजगार का जरिया बना

**ग्वालियर।** जिले की डबरा जनपद पंचायत के ग्राम चिरपुरा, मकोड़ा, सूखापठा, इकौना, बैरागढ़ आदि ग्रामों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा शुरू की गई जैविक खाद उत्पादन रोजगार का जरिया बना है। स्व-सहायता समूहों की महिलायें वर्मी कम्पोस्ट÷ के रूप में जैविक खाद का उत्पादन ले रही हैं। इस खाद को बेचने से उन्हें प्रतिदिन 100 से 150 रूपए की आय भी हो रही है, जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण भी अब बेहतर तरीके से हो रहा है।

शांति स्व-सहायता समूह चिरपुरा की अध्यक्ष श्रीमती मुन्नी बंजारा ने बताया कि गांव में ही घरों से निकलने वाले कूड़े-करकट एवं जानवरों के गोबर से कम्पोस्ट खाद और वर्मी कल्चर के माध्यम से केंचुए की खाद का उत्पादन समूह के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतिमाह 3 हजार किलोग्राम जैविक खाद निर्माण के साथ जैविक दवाओं का भी निर्माण कर रही हैं। इस कार्य से समूह की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिला है। साथ ही संभागीय हाट बाजार ग्वालियर के माध्यम से जैविक खाद को



बेचने के लिए समूहों को बाजार भी उपलब्ध हो गया है।

उन्होंने बताया कि समूह द्वारा तैयार की गई जैविक खाद एवं जैविक दवाईयों से समूह की महिला सदस्यों को 100 से 150 रूपए प्रतिदिन आय हो रही है। अध्यक्ष ने बताया कि साग-सब्जी, फलों एवं फूलों की खेती में भी लोगों का रूझान रासायनिक खाद के स्थान पर जैविक खाद के प्रति बढ़ा है। इसलिए लोग अपने घरों में गमलों एवं आवासों में लगे फल फूलों के पेड़ पौधों में जैविक खाद का उपयोग कर रहे हैं। जैविक खाद खरीदने हेतु संभागीय हाट बाजार से ऑनलाइन जैविक खाद की मांग भी मिल रही है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार निर्भय आजीविका स्व-सहायता समूह सूखापठा द्वारा 5 हजार किलोग्राम, रानी लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समूह मकोड़ा द्वारा 2 हजार किलोग्राम, रानी लक्ष्मीबाई स्व-सहायता समूह इकोना के एक समूह द्वारा 250 किलोग्राम, दूसरे समूह द्वारा 2 हजार किलोग्राम और लक्ष्मीबाई समूह बैरागढ़ द्वारा 2 हजार किलोग्राम जैविक खाद का उत्पादन किया गया है।

**उप संचालक, अनूप सिंह भारतीय**



# कलेक्टर ने जिला शांति समिति की बैठक में दिए निर्देश

**ग्वालियर।** आगामी 25 दिसम्बर क्रिसमस पर्व एवं नव वर्ष एक जनवरी 2020 तथा अन्य पर्वों पर की जाने वाली प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री नवनीत भसीन, नगर निगम आयुक्त श्री संदीप माकिन, एडीएम श्री किशोर कायाल, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह सहित शांति समिति के सम्माननीय सदस्यगण उपस्थित थे।कलेक्टर श्री अनुराग चौधरी ने सिटीजन अमेंडमेंट एक्ट और

## जुलूस, रैली निकालने पर रहेगा प्रतिबंध

नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटीजन पर चर्चा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में क्रिसमस एवं नववर्ष शांति, सदभाव एवं आपसी भाईचारे तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का जुलूस, रैली आदि के आयोजन की अनुमति नहीं रहेगी। कलेक्टर ने समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि नगर में चल रहे स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में भी अपना सहयोग दें। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा नगर में संचालित स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा भी इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया जायेगा।

## 35 अमृत मिशन परियोजनाओं में 191.67 करोड़ के कार्य पूर्ण

**ग्वालियर।** प्रदेश में अमृत मिशन में एक वर्ष में 35 परियोजनाओं में 191 करोड़ 67 लाख रूपये लागत के कार्य पूर्ण किये गये। इनमें 5 नगरीय निकायों में 117 करोड़ 25 लाख लागत की जल-प्रदाय योजनाएँ, एक नगरीय निकाय में 43 करोड़ 43 लाख की 5 स्टार्म वाटर ड्रेन परियोजनाएँ, 15 नगरीय निकायों में 29 करोड़ 37 लाख की 24 हरित क्षेत्र परियोजनाएँ और एक नगरीय निकाय में एक करोड़ 62 लाख की शहरी परिवहन परियोजना के कार्य शामिल हैं। दमोह की 7 करोड़ 73 लाख रूपये की स्टार्म वाटर ड्रेन परियोजना के साथ डबरा में 44 करोड़ 61 लाख 89 हजार और शिवपुरी में 15 करोड़ 13 लाख रूपये की जल-प्रदाय योजना का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## डॉ. सिकरवार ने वार्ड 28 में नलकूप खनन एवं

# जाटव धर्मशाला जीर्णोधार के लिए किया भूमिपूजन

**ग्वालियर।** नगर निगम के वार्ड क्रमांक 28 के षिवनगर कुम्हरपुरा में नलकूप खनन के लिए एवं भीमनगर कुम्हरपुरा में जाटव धर्मषाला जीर्णोधार के लिए वरिश्ठ भाजपा नेता डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने मुख्य अतिथि के रूप में भूमिपूजन किया। नलकूप खनन एवं जाटव धर्मषाला के जीर्णोधार का कार्य क्षेत्रीय पार्शद पुरूशोत्तम टमोटिया की मौलिक निधि से कराया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय पार्शद पुरूशोत्तम टमोटिया एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सिकरवार ने कहा कि इस क्षेत्र में विकास बहुत तेजी से हो रहा है और यह क्षेत्र जल्द ही षहर के विकसित क्षेत्रों में षामिल हो जायेगा। क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या थी, लेकिन इस नलकूप खनन से यहां समस्या का निराकरण हो जायेगा। क्षेत्र की हर समस्या



का निराकरण जल्द से जल्द कराया जायेगा। डॉ. सिकरवार ने कहा कि यह धर्मषाला जर्जर स्थिति में है और इस धर्मषाला की मरम्मत होना जरूरी है। डॉ. सिकरवार ने कहा कि जीर्णोधार के बाद यह धर्मषाला अपने भव्य स्वरूप में दिखेगी, यहां पर क्षेत्रवासी अपने पारिवारिक कार्य कर सकेगे। डॉ. सिकरवार ने कहा कि मैं हमेषा कोषिष करूगॉ कि आप सभी क्षेत्रवासियों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पडे। डॉ. सिकरवार ने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी भी तरह की कोताही नही बरती जायेगी, क्षेत्र में आगे जो भी विकास कार्य किये जायेगें वह आपसे विचार-विमर्ष कर और आपकी आवष्यकता अनुसार किये जायेगें। क्षेत्रीय पार्शद पुरूशोत्तम टमोटिया ने कहा कि नलकूप खनन एवं जाटव धर्मषाला के जीर्णोधार की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा काफी लम्बे समय से की जा रही थी। पुरूशोत्तम टमोटिया ने कहा कि क्षेत्रीय जनता की कोई परेषानी मेरे सामने आयेगी तो उससे तत्परता से हल कराया जायेगा।

# नये वर्ष में कांग्रेस व भाजपा को नये अध्यक्ष मिलेंगे

## एक का सुप्रीमो ग्वालियर, दूसरे का क्षत्रप मालवा से होने की संभावना

**ग्वालियर/भोपाल।** मध्यप्रदेश की दोनों प्रमुख राजनैतिक पार्टियों की कमान इस बार नये वर्ष में संभवतः नये अध्यक्षों के हाथ में होगी। दोनों ही दल राज्य में अपना जनाधार और वोट बैंक बढ़ाने के लिए अब नये अध्यक्षों के नेतृत्व में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। कांग्रेस में इस बार स्टार राजनीतिज्ञ और उसके राष्ट्रीय महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया और भाजपा में भी उसके स्टार राजनीतिज्ञ और राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को जिम्मेदारी मिल सकती है? यानि एक दल का प्रदेश अध्यक्ष ग्वालियर चंबल का क्षत्रप और दूसरे दल का प्रदेश अध्यक्ष अब मालवा का क्षत्रप हो सकता है। विशेष बात यह है कि जिस तरह से मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच आपसी केमेस्ट्री बेहतर हुई हैं, उससे लगता है कि मुख्यमंत्री कमलनाथ अब सिंधिया को साथ लेकर व उनकी सलाह पर भी फोकस कर रहे हैं। बीते 15 दिनों में ही दो बार दोनों ने ट्रांजिट विजिट के साथ साथ यात्रा की थी और साथ साथ गंतव्य भी पहुंचे। बाद में दोनों साथ ही प्लेन से भोपाल भी पहुंचे। बीते कुछ समय से मीडिया व राजनैतिक



हलकों में जरूर यह बात फैली थी कि मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया में पटरी नहीं बैठ रही हैं। लेकिन दोनों ही राजनेताओं ने बड़ी ही समझदारी से अपने बेहतर सामंजस्य की बात जगजाहिर की है। इससे लग रहा है कि मुख्यमंत्री कमलनाथ और सिंधिया दोनों ने आपसी केमेस्ट्री बेहतर की है और समय-समय पर बात करके राज्य की कांग्रेस सरकार व कांग्रेस की बेहतरी के लिए साझा निर्णय भी किये हैं।

### कमलनाथ व सिंधिया की भोपाल यात्रा

मुख्यमंत्री कमलनाथ और कांग्रेस महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया की आज की भोपाल यात्रा भी कई कांग्रेसियों के भाग्य का पिटारा खोल सकती हैं।ऐसी संभावना है कि दोनों नेताओं ने ग्वालियर से भोपाल तक के हवाई सफर में अंचल व प्रदेश के रिक्त पड़े विभिन्न निगमों, प्राधिकरणों के पदों पर ताजपोशी पर चर्चा भी की हैं। कांग्रेस के सूत्र बताते है कि जल्दी ही रिक्त पदों के लिए सरकार नोमिनेशन के गजट नोटीफिकेशन जारी कर सकती है।

### भाजपा में क्या मालवाई क्षत्रप ?

मध्यप्रदेश में अब नये वर्ष में संगठन चुनावों की संपन्नता के साथ आलाकमान मालवा के क्षत्रप को कमान सौंप सकता हैं। मालवा के क्षत्रप कैलाश विजयवर्गीय इन दिनों पं. बंगाल के प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो अमित शाह की प्लानिंग पर अपनी चाणक्य नीति पं. बंगाल में प्रस्तुत करके भाजपा को वहां प्रमुख दल के रूप में उभारा हैं। उन पर अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर पार्टी सुप्रीमो अमित शाह और सह सुप्रीमो जेपी नड्डा की आशाभरी निगाह भी हैं। सबसे विशेष बात यह है कि बीते 16 वर्षों से मालवाई क्षत्रप कैलाश विजयवर्गीय का नाम कई बार मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश अध्यक्ष पद पर चला भी, लेकिन पार्टी के प्रदेश नेताओं की आपसी कलह के चलते उन्होंने हमेशा पार्टी लाइन पर ही कार्य किया और सौंपे गये कार्य पर अपनी ही सार्थकता सिद्ध भी की। उन्हें जब पं. बंगाल में प्रभारी बनाया गया था, तब पार्टी के लोगों का कहना होता था कि उनको हाशिये पर रख दिया गया हैं, लेकिन उन्होंने पं. बंगाल में भी अपनी सार्थकता सिद्ध कर अब तक की सर्वाधिक लोकसभा सीट दिलाकर भाजपा की विजय में अभूतपूर्व योगदान दिया हैं। यहीं नहीं कैलाश विजयवर्गीय ने पं. बंगाल में गांव की हर चैपाल कोलकाता जैसे महानगर तक पार्टी का दायरा विस्तृत कर दिया हैं।

ग्वालियर शहर में आसान किस्तों में बिना ब्याज के प्लॉट खरीदने का सुनहरा मौका।
TOMAR ASSOCIATES
प्लॉट खरीदने एवं निवेश के लिए सम्पर्क करें
मूलभूत सुविधाऐं
कॉलोनी के चारों और बाउण्ड्री बॉल
मैन गेट पर सी.सी.टी.वी. कैमरा व सिक्योरिटी गार्ड
लाईट, पानी, सीवर लाईन, कम्युनिटी हॉल
बच्चों के लिये गार्डन, सड़कों पर लाईट, मन्दिर,
सुन्दर विशाल पार्क, जिम, जॉगिंग ट्रेक,
वॉस्केट बॉल मैदान, स्वीमिंग पुल,
शॉपिंग कॉम्प्लैक्स व स्कूल की सुविधा।
T&CP APPROVE FORM-4
मात्र 25 प्रतिशत प्लॉट की कीमत जमा करवाकर प्लॉट का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवायें एवं शेष धनराशि 75% बिना ब्याज के दें।
ग्वालियर शहर में अपने सपनों का घर बनायें।
बुकिंग मात्र 25,000/- से
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 9713253992 7828039035

TOMAR ASSOCIATES
सोलर पेनल लगवाने पर बैंक द्वारा लोन की सुविधा।
सोलर पेनल लगाये और बिजली बिल से छुटकारा पायें।
साथ ही पर्यावरण बचायें। सौर्य ऊर्जा लगवाकर
म.प्र. सरकार से सब्सीडी पायें।





Bipin Tomar (Bhidosa)
Greennub Exclusive Partner
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें 9713253992 7828039035

# प्रताड़ित लोग अनुसूचित जाति के है इसलिये कांग्रेस कर रही विरोध बड़ोनी

**ग्वालियर।** देश में नागरिकता संशोधन बिल का विरोध किया जा रहा है ये बही लोग हे जो पकिस्तान ,बाग्लदेश , अफ्गनिसतान से आये हुए शरणार्थी कोन है। वह सब धर्म के आधार पर प्रताड़ित होकर आये है वह सब 70 प्रतिशत अनुसूचित जाती के लोग है ।हमारे देश के नेता उन अनुसूचित जाती का बिरोध कर रहे है । आखिर कार नागरिकता संशोधन बिल के विरोध करने वाली पार्टियो के नेताओ से हम जानना चाहते है। की आप देश मे किसको नागरिकता दिलाना चाहते हो । ओर जो जो पार्टिया चाहे केजरीवाल की आप पार्टी या कमनेस्ट पार्टी या बाम दल व कांग्रेस पार्टी जो जो पार्टीया इस नागरिकता संशोधन बिल का विरोध कर रही है उनको दलित समाज के लोग कभी माफ नही करेगे।क्योकि 70 साल से इन देशो मे प्रताड़ित होकर आये शरणार्थी 70 प्रतिशत दलित समाज के है मे इस नागरिकता संशोधन बिल का समर्थन करता हू ।ओर उन नेताओ की घोर निंदा करता हू जो कानून का विरोध कर रहे है।क्योकि हज़ारो की संख्या मे देश की राजधानी दिल्ली मे शरणार्थी बाल्मिक समाज के है । ओर रजिस्थान के जयपुर मे भी हज़ारो की संख्या मे शरणार्थि रह रहे है।। उन बस्तियो मे रह रहे है वह जिल्लत का जीवन जी रहे है यहा बिल पास होने पर उनको एक सम्मान का जीवन जीने का अवसर मिलेगा। आज देश में नागरिकता संशोधन बिल का विरोध किया जा रहा है विरोध करने वालों को मैं कहना चाहता हूं कि वह किस का विरोध कर रहे हैं वह उन लोगों का विरोध कर रहे है। जो पकिस्तान, बाग्लदेश, अफगानिस्तान से आये हुए शरणार्थी कोन है। वह सब धर्म के आधार पर प्रताड़ित होकर आये है वह सब 70 प्रतिशत अनुसूचित जाती के लोग है ।हमारे देश के नेता उन अनुसूचित जाती का बिरोध कर रहे है । आखिर कार नागरिकता संशोधन बिल के विरोध करने वाली पार्टियो के नेताओ से हम जानना चाहते है। की आप देश मे किसको नागरिकता दिलाना चाहते हो । ओर जो जो पार्टिया चाहे केजरीवाल की आप पार्टी या कमनेस्ट पार्टी या बाम दल व कांग्रेस पार्टी जो जो पार्टीया इस नागरिकता संशोधन बिल का विरोध कर रही है उनको दलित समाज के लोग कभी माफ नही करेगे।



VISION 2030
अब अपनी पढाई को दो रफ्तार।
SSC/ बैंक/ रेलवे/MPPSC/UPSC/ POLICE/SI
के साथ ही सभी तरह की COMPETITION CLASSES.
HOME TUITION
Class:- 6th-12th हिन्दी मीडियम/इंग्लिश मीडियम/CBSE
MP/UP/GUJRAT/CG
BHIND/GWALIOR/DATIA
call/ वॉट्सएप्प for more information
फ्री में आप हमार APP "VISION 2030 डाउनलोड कर सकते है।
अगर आप कोचिंग/स्कूल चलाते है तो अपनी छात्र संख्या बडाने के लिये सम्पर्क कर सकते है।
VISION 2030 की फेंचाइजी लेने के लिये सम्पर्क करे और हर माह 50 से 60000/- कमाना शुरु करे।
Vision 2030
THE FUTURE IS OURS TO SEE
ऑफिस - A, Block 404, भाऊ साहब की पोतनिस इंक्लेब, मुरार रोड़, गोले का मंदिर ग्वालियर
संपर्क सूत्रः- 8305193927

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478